# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025





## खबर संक्षेप



### कलेक्टर से मुलाकात

**महासमुंद।** गुरुवार को जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से डीसीएस के संबंध पर चर्चा कर चंदन साहू ने धन्यवाद प्रेषित व गुलदस्ता भेंट कर किया।

### देवरी स्कूल में छात्रों को कराया गया व्यायाम



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को सुबह विद्यालय लगाने के लिए आदेश जारी किया गया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में शनिवार को सुबह 7:30 बजे से विद्यालय संचालित किया गया। प्रार्थना सभा के पश्चात प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में समस्त छात्र-छात्राओं को व्याख्याता परस राम सिन्हा द्वारा व्यायाम करवाया गया। विद्यालय के व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, रवि प्रकाश पात्रे, नीलू सोनी, आशीष यादव, बीएल टंडन, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव ने छात्रों के साथ मिलजुलकर व्यायाम किया। व्यायाम के साथ साथ सामूहिक रूप में ताली बजाने और जोर जोर से हंसी, ठहाके लगाने का भी प्रयास किया गया। व्यायाम के अभ्यास में समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठाए।

## सांसद खेल महोत्सव : अधिक से अधिक खिलाड़ियों के पंजीयन पर जोर

# सांसद ने महासमुंद, धमतरी एवं गरियाबंद जिले की बैठक लेकर की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट तथा खेल एवं युवा विभाग के द्वारा सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने महासमुंद, धमतरी एवं गरियाबंद जिले की संयुक्त बैठक लेकर सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक ली एवं अधिक से अधिक पंजीयन पर जोर दिया। पंजीयन की प्रक्रिया 29 अगस्त से प्रारंभ हो चुकी है, जो आगामी 20 सितंबर 2025 तक चलेगी। महोत्सव में सामूहिक एवं एकल दोनों प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित संयुक्त बैठक में महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, खेल अधिकारी मनोज कुमार धृतलहरे, रेखराज शर्मा, धमतरी एवं गरियाबंद जिले के शिक्षा एवं खेल अधिकारी शामिल हुए। वीसी के माध्यम से धमतरी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके शामिल हुए। बैठक में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि पंजीयन के लिए अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग, खेल एवं जनपद के सीईओ, अधिक से अधिक संख्या में खिलाड़ियों के पंजीयन को प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने संकुल स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए तिथि एवं स्थान चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश देते हुए सफल खेल आयोजन के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंशानुरूप सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसे गंभीरता से लेते हुए तैयारी करें। तैयारी के संबंध में तीनों जिलों द्वारा जानकारी दी गई। महोत्सव अंतर्गत सामूहिक खे में आयु वर्ग 14 से 19 वर्ष एवं 19 से 24 वर्ष के बालक-बालिकाएं शामिल होंगे। जिसमें कबड्डी, खो-खो एवं वॉलीबॉल खेल शामिल है। इसी प्रकार एकल खेल में आयु वर्ग 14 से 17, 18 से 20 एवं 21 से 24 वर्ष के बालक बालिकाएं भाग लेंगे। जिसमें 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद, ऊँची कूद, बैडमिंटन, गेड़ी दौड़ खेल शामिल है। संकुल स्तरीय खेल महासमुंद के 30, धमतरी एवं गरियाबंद के 10-10 संकुलों में आयोजित किया जाएगा। पंजीयन हेतु इच्छुक प्रतिभागी www.sansadkhelmahot-sav.in पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद पंचायतों के सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देशित किया गया है कि वे अधीनस्थ कर्मचारियों, संकुल, विद्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में पंजीयन की कार्रवाई सुनिश्चित कराएं।

उल्लेखनीय है कि सांसद खेल महोत्सव तीन स्तर पर आयोजित होगा, ग्रामीण स्तर, विधानसभा तथा लोकसभा स्तर। ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 21 सितंबर से 21 अक्टूबर तक, विधानसभा स्तर पर 22 अक्टूबर से 22 नवंबर तक तथा लोकसभा स्तर पर 23 से 25 दिसंबर के बीच किया जाएगा।

## मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, सुरक्षा व साफ-सफाई सुनिश्चित करने समिति का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

विकासखंड में मध्यान्ह भोजन संचालन समिति का गठन किया गया है। इस समिति का उद्देश्य शासकीय एवं अनुदान प्राप्त प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाओं में परोसे जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, सुरक्षा और साफ-सफाई सुनिश्चित करना है। समिति की अध्यक्षता एसडीएम अनुपमा आनंद करेंगी। जबकि सचिव के रूप में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार हलदार रहेंगे।

समिति में विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद मांझी, स्वास्थ्य विभाग से कुणाल नायक, खाद्य निरीक्षक अविनाश दुबे, सहकारिता निरीक्षक रविंद्र कुमार नायक, महिला एवं बाल विकास विभाग से दीक्षा बारिक, सामाजिक कार्यकर्ता किशन लाल पटेल सहित कई सरपंच व प्रतिनिधियों को सदस्य बनाया गया है। बैठक में एसडीएम एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने मध्यान्ह भोजन संचालन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। इसमें खाद्य सुरक्षा प्रोटोकॉल, स्वच्छता, भंडारण व्यवस्था, रसोइयों का प्रशिक्षण, समुदाय की भागीदारी, नियमित निरीक्षण एवं जवाबदेही पर विशेष जोर दिया गया। निर्देशों में रसोई और किचन शेड की सफाई, सब्जियों-चावल की धुलाई, बर्तनों की स्वच्छता, बच्चों को भोजन से पहले हाथ धुलवाना, रासायनिक पदार्थों को रसोई से दूर रखना और भोजन परोसने से पहले उसका परीक्षण करने पर बल दिया गया। समिति समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करेगी। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों की भागीदारी से इस अभियान को और प्रभावी बनाया जाएगा। समिति सदस्य किशन पटेल ने सुझाव दिया कि ग्राम पंचायत स्तर पर स्कूलों में आरओ पेयजल सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए।

## शाला प्रबंधन समिति ने की शाला प्रांगण की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शाला स्वच्छता अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला मोरधा में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा शाला प्रांगण की साफ सफाई की गई। साथ ही प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लेखराम साहू एवं उपस्थित सदस्यों ने कहा कि बच्चों के बेहतर स्वस्थ के लिए शारीरिक स्वच्छता के साथ शाला प्रांगण, रसोई कक्ष, पठन कक्ष, स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छ शौचालय होना चाहिए और हम अपने शाला में स्वच्छ वातावरण निर्माण के लिए उचित प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में प्रबंधन समिति अध्यक्ष लेखराम साहू, बोहरण लाल साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, दौलत पटेल, पदमिनी, अमसोइया, चित्रा, खिलेश्वरी, शिक्षक मुकेश कुमार टंडन, प्रधान पाठक पुष्पा साहू एवं विधायक प्रतिनिधि गोपी राम सेन उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से जिले के हितग्राही हो रहे लाभान्वित

## हितग्राही महेश पाल का विगत दो माह से बिजली बिल शून्य, योजना को बताया हितकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- पाल ने कहा कि यह योजना आम जनता के लिए लाभकारी पहल



भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य देश के आवासीय परिवारों को अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत 5 किलोवाट तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा 78,000 रुपए तथा राज्य सरकार द्वारा 30,000 रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस पहल से न केवल आम जनता को आर्थिक राहत मिल रही है, बल्कि अक्षय ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है। जिले के अनेक नागरिक इस योजना का लाभ उठा रहे हैं और अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। जिले में अभी तक 583 उपभोक्ता योजना का लाभ उठा रहे हैं। इसी कड़ी में महासमुंद के पिटियाझर निवासी महेश पाल ने बताया कि उन्होंने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सौर पैनल सिस्टम स्थापित कराया है। वे पेशे से राज्य शासन में पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। उन्हें अपने मित्रों के साथ चर्चा के दौरान सोलर पैनल और इस योजना के बारे में पता चला और इसके पश्चात उन्होंने योजना की जानकारी जुटाकर आवेदन किया।

पंजीकृत वेंडर द्वारा सोलर सिस्टम स्थापित किए जाने के बाद पिछले दो माह से अब उनका बिजली बिल शून्य हो गया है, साथ ही क्रेडिट यूनिट का भी लाभ मिल रहा है। पाल ने कहा कि यह योजना आम जनता के लिए लाभकारी पहल है। इससे न केवल बिजली खर्च से राहत मिली है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देने का अवसर मिल रहा है।



### जिला सहकारिता एवं उद्योग विकास समिति की हुई बैठक

**महासमुंद।** जिला सहकारिता एवं उद्योग विकास समिति की बैठक गुरुवार को जिला पंचायत महासमुंद के सभाकक्ष में हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति की सभापति रामदुलारी सिन्हा ने की। बैठक में सचिव एवं उपायुक्त सहकारिता तथा उपपंजीयक सहकारी संस्थाएँ महासमुंद द्वारिका नाथ, खाद्य अधिकारी अजय यादव, महाप्रबंधक उद्योग मोहन साहू, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर प्रक्षेत्र अविनाश शर्मा, सहकारिता विस्तार अधिकारी तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. रायपुर की महासमुंद जिले की सभी शाखाओं के प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक में सहकारिता एवं उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इस दौरान सभापति रामदुलारी सिन्हा ने अधिकारियों को योजनाओं के लक्ष्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा अधिक से अधिक हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तथा किसानों, स्वसहायता समूहों और छोटे उद्योगों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रत्येक योजना का पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने कहा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि योजनाओं की सतत निगरानी एवं मूल्यांकन के लिए समिति की बैठक प्रतिमाह नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। साथ ही बैठक में सहकारी समितियों की वित्तीय स्थिति, ऋण वितरण, पुनर्भुगतान व्यवस्था तथा उद्योग विभाग की नई पहल एवं निवेश संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

## कोमाखान कॉलेज में हुआ राज्य रजत जयंती कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान




छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में 8 से 11 सितंबर तक राज्य रजत जयंती उत्सव मनाया गया। इन चार दिनों में राज्य की पिछ्ली 25 वर्षों की उपलब्धियों और चुनौतियों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. पुरुषोतम झा द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी और सरस्वती माता का पूजन कर किया गया।

राज्य रजत उत्सव के पहले दिन निबंध प्रतियोगिता (पच्चीस बछर के छत्तीसगढ़ : उपलब्धियां एवं चुनौतियां) और छत्तीसगढ़ आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के दूसरे दिन भाषण प्रतियोगिता हुई, जिसका विषय मेरी नजर में छत्तीसगढ़ था। इसके अलावा विकसित छत्तीसगढ़ : 2047 विषय पर सत्यम, शिवम, सुंदरम और मधुरम नामक चार समूहों के बीच विद्यार्थियों द्वारा सफल परिचर्चा की गई। कार्यक्रम के तीसरे दिन रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ को विविध और सुंदर रूपों में प्रस्तुत किया।

छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव के अंतिम दिन सबसे पहले सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक था छत्तीसगढ़ की कला, साहित्य और संस्कृति। इस सेमिनार में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और साहित्य पर अपने अपने लेख प्रस्तुत किए। पश्चात नए सत्र के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि कुमार सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच हितेंद्र उपाध्याय और कसेकरा माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक डॉ विजय शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पुरुषोत्तम झा ने की। आमंत्रित अतिथियों ने महाविद्यालय विकास के लिए सदैव सहयोग करने की बात की। तत्पश्चात राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सेमेस्टर पद्धति से पढाई पर महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर पार्वती और साथी छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य भी प्रस्तुत किया गया।

यह सफल आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पुरुषोत्तम झा के मार्गदर्शन मार्गदर्शन और कार्यक्रम प्रभारी पीयूष कुमार टांडेय, सहायक प्राध्यापक (हिंदी) के निर्देशन में हुआ। इन समस्त कार्यक्रमों का सफल संचालन अतिथि व्याख्याताओं - हरीश कुमार चौहान, लता पटेल, डॉ टिकेंद्र साहू, हेमा वर्मा, मन्नूलाल कुर्रे, भारती साहू, डॉ रंजना दुबे, मोनिका वर्मा और धात्री चक्रधारी ने किया। आयोजन में लेखराम बंजारे (सहायक ग्रेड 3), गगन ध्रुव (भृत्य) का सहयोग रहा।

## शिशु संस्कार केंद्र उमावि में मनाया गया शिक्षक दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शुक्रवार को शिशु संस्कार केंद्र उमाशा में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस मौके पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा शिक्षकों के प्रणेता डां. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात शिशु कल्याण शिक्षा समिति के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सचिव शरद मालू, सहसचिव/प्रबंधक मनोहर महांती, कोषाध्यक्ष अरूण जोशी द्वारा शिक्षक-शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर शाला के प्राचार्य अवनीश वानी, प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, भावना गांधी, संस्कार पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य गुरुप्रीत कौर, चंद्रकांता ठाकुर, उमा समद्दर, सुनीता वानी, वरिष्ठ शिक्षकगण डीपी साहू, किशोर गुप्ता, शाला स्टाफ व विद्यार्थीगण उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं द्वारा वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान शाल एवं स्मृति चिन्ह द्वारा किया गया एवं उनके द्वारा गुरू की महिमा मंडन नृत्य द्वारा की गई। एवं कक्षा 10वीं के छात्र पंकज साहू द्वारा बांसुरी वादन किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर शाला की संगीत शिक्षिका पूजा नेताम एवं निकिता मसीह द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया, जो अत्यंत सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन-शाला नायक-चिरंजीव बंसोर एवं शाला खुशहाल साहू एवं छात्र संघ द्वारा किया गया। शिक्षक शिक्षिकाओं के भरपूर सम्मान के साथ मनोरंजक खेल भी आयोजित किए गए। जिसमें सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्वस्फूर्त होकर भाग लिया एवं खेल का खूब आनंद लिया।

## बसना विकासखंड के छिर्राबाहरा में हुआ 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण

# अब प्रधानमंत्री आवास योद्धा बनेंगे राजमिस्त्री प्रशिक्षणार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं व युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) महासमुंद द्वारा विकासखंड बसना के ग्राम छिर्राबाहरा में 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत के 27 ग्रामीण श्रमिकों ने भाग लिया और राजमिस्त्री के व्यवहारिक व तकनीकी ज्ञान अर्जित किया। जनपद सीईओ बसना पीयूष सिंग ठाकुर की अध्यक्षता में बुधवार को प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, महासमुंद निदेशक टुटु बेहेरा, पीओ मनरेगा एवं जनपद आवास इन चार्ज, अजय भेड़पाल व आशीष असेसर उपस्थित रहे।

इस दौरान सीईओ पीयूष सिंग ठाकुर ने प्रशिक्षणार्थियों से बातचीत कर उनका प्रशिक्षण का अनुभव जाना और सीखी गई तकनीकों के बारे में जानकारी ली। उन्होनें कहा कि इस प्रशिक्षण से आप अब केवल श्रमिक नहीं, कुशल राजमिस्त्री बन गए है, और प्रशिक्षण प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सभी निर्माण कार्यों को क्रियान्वित कर आवासीय निर्माण योद्धा कहे जाऐगें। प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से उन्होंने नापना, ईटें की चिनाई, प्लास्टरिंग, लेवरिंग और भवन निर्माण से जुड़ी कई तकनीकें सीखी। अब वह स्वयं आत्मविश्वास के साथ राजमिस्त्री का कार्य कर सकते हैं। समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र व राजमिस्त्री के टूल किट वितरित किए गए, जिसमें निर्माण कार्य के आवश्यक औजार शामिल हैं। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षणार्थी अपने कौशल का उपयोग प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों में करेंगें।

पेज 3 का शेष

### नेशनल लोक ...

पक्षकारों को नियत सुनवाई दिनांक के पूर्व राजीनामा के लिए नोटिस प्रेषित कर प्री-सीटिंग कर राजीनामा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। इसके अलावा नेशनल लोक अदालत के मौके पर विशेष स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारीगण, अधिवक्तागण तथा अपने प्रकरण में उपस्थित पक्षकारगणों एवं विभिन्न विभागों से आए अधिकारी-कर्मचारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन में महासमुंद अधिवक्तागण एवं न्यायालय के कर्मचारियों का अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ।

तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025



4 सेवा ही संगठन के संकल्प से होगा सेवा पखवाड़ा का आयोजन : येतराम





4 जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना मेरी पहली प्राथमिकता:चातुरी






## खबर संक्षेप

### अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**महासमुंद।** बेमचा स्थित बड़ी नहर में पिछले दिनों एक व्यक्ति की लाश बरामद की गई थी। इस मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 30-35 वर्ष की मर्ग जांच एवं पंचनामा कार्रवाई तथा घटनास्थल निरीक्षण में मृतक के मुंह में कपड़ा ठूंसने तथा मृतक के चेहरे, गला व गुप्तांग में चोट पहुंचाने एवं साक्ष्य नष्ट करने मृतक के शव को पानी में फेंकना पाया गया। वहीं मृतक के शव के शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 103 (1), 238 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### नीम का पेड़ उखाड़ने की बात पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम नवागांव के खेत में लगे नीम के पेड़ को उखाड़ने की बात पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी नलकुमार जगत ने बताया कि 13 सितंबर की सुबह करीबन 6.30 बजे अपने परसाखार खेत में बोर चालू करने गया था, उसके खेत से लगे हुए खेत में गांव का गगन भोई एवं उसके पिता विराट भोई दोनों मौजूद थे। उनको देखकर उसने पूछा मेरे खेत के मेड़ में लगे नीम के पेड क्यों उखाड दिये हो। इस पर आरोपियों ने कहा कि अपने मेड़ में हमारे साइड नींम का पेड़ क्यों लगाया था कहते हुए दोनों पिता पुत्र ने आक्रोश में आकर गाली गलौज देते मारपीट की।

## नेशनल लोक अदालत: आपसी सुलह एवं समझौते पर प्रकरणों का निराकरण

# 62218 लंबित मामलों का हुआ निराकरण 14,94,68,626 रुपए के अवार्ड भी पारित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला न्यायालय एवं तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों में शनिवार को खंडपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि. की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले तथा सिविल मामले भी नियत किए गए। सुलह एवं समझौता के आधार पर विभिन्न खंडपीठों के माध्यम से कुल 62 हजार 218 प्रकरणों का निराकरण किया गया और उनमें 14 करोड़ 94 लाख 68 हजार 626 रुपए की राशि के आवार्ड पारित किए गए।

लोक अदालत की सभी खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकों के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई के लिए रखे गए थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अनिता डहरिया के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में

इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में बैंक रिकवरी के 2 हजार 122 प्रकरणों में 15 लाख 53 हजार 144 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार विद्युत के एक हजार 868 प्रकरणों में 19 लाख 25 हजार 710 रुपए, श्रम प्रकरण के 27 मामलों में 11 लाख 80 हजार 700, एमएसीटी के 43 प्रकरण में. 5 करोड़ 04 लाख 90 हजार, एनआई एक्ट-138 के 38 प्रकरणों में एक करोड़ 35 लाख 58 हजार 523 तथा 17 अन्य सिविल प्रकरणों का निराकरण कर एक करोड़ 07 लाख 87 हजार 639 रुपए अवार्ड पारित किया गया। जिले के सभी तहसील एवं अनुभाग क्षेत्रों के राजस्व न्यायालयों के माध्यम से 54 हजार 840 प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

विदित हो कि 13 सितंबर 2025 को पूरे देशभर में उच्चतम न्यायालय से लेकर तहसील स्तर तक के न्यायालयों में एक साथ हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसके सफल आयोजन के लिए विगत कई माह से अनवरत तैयारी की जा रही थी और ▸▸|शेष पेज 2 पर



### पक्षकारों को पौधे भेंट कर दिए वृक्षारोपण का संदेश

जिला मुख्यालय में आयोजित वर्ष 2025 के तृतीय नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकरणों में उपस्थित पक्षकारों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर जिला न्यायालय में स्थापित सभी खंडपीठों के पीठासीन अधिकारियों द्वारा पक्षकारों को पौधरोपण करने के उद्देश्य तथा सुखद हरियाली के संदेश देते हुए पक्षकारों को पौधे वितरित किए गए।

### मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरण में आहतगणों के लिए अवार्ड पारित

जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं खंडपीठ क्रमांक-एक के पीठासीन अधिकारी अनिता डहरिया के समक्ष मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरण जो वर्षो से लंबित था, जिसे आज आयोजित नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 19 प्रकरणों का निराकरण करते हुए मृतकों एवं आहतगणों के लिए कुल एक करोड़ 69 लाख 60 हजार रुपए का अवार्ड पारित किया गया। इस प्रकार पीठासीन अधिकारी द्वारा समझाइश के बाद प्रकरणों का आपसी सुलाह एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। इस अवसर पर मृतकों के परिजनों तथा वारिसानों एवं आहतगणों को पीठासीन अधिकारी द्वारा पौधे भेंटकर पौधरोपण करने का संदेश दिया गया।

### दांपत्य जीवन एक साथ निर्वाह करने हुए सहमत

जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में खंडपीठ क्रमांक-02 के समक्ष लंबे समय से हिंदू विवाह अधिनियम धारा- 09 के तहत दांपत्य अधिकारों की पुर्नस्थापना तथा धारा 144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत भरण-पोषण दिलाए जाने संबंधी मामला जो कि महासमुंद कुटुंब न्यायालय में लंबित था। जिसमें पीठासीन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार सोनवानी द्वारा समझाइश दिया गया, जिससे प्रेरित होकर दंपत्तियों एक साथ रहने के लिए सहमत होते हुए अपना दाम्पत्य जीवन एक साथ निर्वाह करने के लिए तैयार हो गए। उक्त प्रकरण कुटुम्ब न्यायालय महासमुंद के व्यवहारवाद प्रकरण में संस्थित है। हिंदू विवाह अधिनियम धारा 09 के तहत दांपत्य अधिकारों की पुर्नस्थापना के लिए महासमुंद निवासी वादी एक्स विरूद्ध वाय पर दर्ज है। विवाह हिंदू रीति रिवाजों से संपन्न हुआ था। वादी एवं प्रतिवादी दोनों 19 जनवरी 2015 से पृथक-पृथक रह रहे थे, जिसे नेशनल लोक अदालत में राजीनाम के लिए प्रकरण रखा गया था। जिसे उभयपक्षों को कुटुंब न्यायालय के पीठासीन अधिकारी के द्वारा राजीनामा का प्रयास किए जाने उपरांत उभयपक्ष के साथ रहकर दाम्पत्य जीवन निर्वहन करने के लिए सहमत हुए। इस प्रकार उभयपक्षकारों के मध्य राजीनामा हो जाने के कारण प्रकरण की कार्रवाई राजीनामा के आधार पर समाप्त किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2024 का दो और अन्य प्रकरण जो धारा 144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत भरण-पोषण की राशि दिलाए जाने के संबंध में प्रकरण प्रस्तुत किया था। जिसमें दोनों प्रकरणों के आवेदिका और अनावेदक पृथक-पृथक निवास कर रहे थे। जिसे नेशनल लोक अदालत में खंडपीठ के माध्यम से समझाइश एवं आपसी सुलह के माध्यम से दोनों दंपत्ति एक साथ रहने के लिए सहमत होते हुए और अपना दांपत्य जीवन एक साथ निर्वाह करने के लिए तैयार हुए। इसके अलावा पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने प्रकरण के निराकरण के लिए उपस्थित दंपत्तियों को पौधे भेंट कर उसे पौधरोपण कर उनके देखभाल कर संरक्षण के लिए उपदेश दिए।

### 11 किलो गांजा जब्त तीन लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** गांजा के अवैध परिवहन के मामले में जिले की पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के कब्जे से 1.65 लाख रुपए का 11 किलो गांजा जब्त किया गया है। सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि तीन व्यक्ति एक सफेद रंग के टाटा आर्या वाहन क्रमांक एमपी15 सीए 9988 मे अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। इस सूचना के बाद एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल मे जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ देर बाद एक कार आई, जिसमें तीन व्यक्ति सवार थे। कार को रोककर पूछताछ की गई। जिस पर उन्होंने कार के पीछे सीट के नीचे प्लास्टिक बोरी में भरा अवैध मादक पदार्थ गांजा रखना स्वीकार किया और उक्त गांजा को सोनपुर ओडिशा से छत्तरपुर मध्यप्रदेश ले जाना बताया। मामले में आरोपी दीनदयाल पटेल पिता हरिचरण पटेल (19 साल) घासीपुर थाना सरबई जिला छतरपुर मप्र, श्यामबाबू पटेल पिता रामनारायण पटेल (30 साल) बहादुरपुर थाना सरबई जिला छतरपुर मप्र तथा भोंदू पटेल पिता शिवनारायण पटेल (27 साल) बहादुरपुर थाना सरबई जिला छतरपुर मप्र को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक सफेद रंग के टाटा आर्या वाहन कीमत 500000 रुपए, 11 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत करीबन 165000 रुपए, मोबाइल जब्त किया। वहीं आरोपियों को धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

### कत्लखाना ले जाए जा रहे 15 भैंस बरामद

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने कत्लखाना ले जाए रहे मवेशियों को बरामद किया है। मामले में आरोपियों के विरुद्ध तेंदूकोना थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिला कि 3-4 व्यंक्ति 15-20 मवेशियों (भैंस) को पैदल हांकते हुए क्रूरतापूर्वक मारपीट करते हुए वध करने के प्रयोजन से कत्लिखाना की ओर ले जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने ग्राम ठाकुरदिया खुसरूपाली जाने का मार्ग पर पहुंचकर घेराबंदी कर उक्त लोगों को पकड़ा। पूछताछ में इन लोगों ने अपने नाम देवेंद्र कुमार भारती पिता स्व. टीकाराम भारती (32 वर्ष) थाना गिधौरी, टिकेश्वर जांगड़े पिता तेजूराम जांगडे (20 वर्ष) ग्राम मुडागांव बागबाहरा एवं अविनाश पिता पुरूषोत्तम लहरे (26 वर्ष) मडवा थाना गिधौरी जिला बलौदाबाजार का रहने वाला बताए। इस दौरान आरोपियों के कब्जे से15 नग मवेशी भैंस कीमत 256000 रुपए को बरामद किया गया। आरोपियों के धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।




## खबर संक्षेप



### 32 छात्राओं को बांटी गई निःशुल्क साइकिल

**अरंड (पिथौरा)।** पिथौरा विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल अरंड में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत सत्र 2025-26 में कक्षा नवमी में अध्यनरत पात्र 32 छात्राओं को 12 सितंबर 2025 को साइकिल वितरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अरंड के सरपंच डिगंबर पटेल, ग्राम प्रमुख शिवचरण ध्रुव, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कार्तिक राम पटेल, सक्रिय सदस्य देवानंद पटेल सहित नागरिक उपस्थित थे। प्राचार्य एसएस पटेल ने शासन की इस महती योजना पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ व्याख्याता डीआर ध्रुव, पीके कर सहित संस्था के सभी स्टाफ श्लोकेश्वरी साहू, टीकम पटेल, नाथूराम साहू एवं गेंदराम विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### खरोरा में नवरात्र की तैयारी शुरू

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में नवरात्र पर्व को लेकर उत्साह से तैयारियां की जा रही हैं। जिसमें सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा भवन की सफाई और पोताई का काम शुरू कर दिया गया है। आईपीएल समिति के सदस्य पूरी निष्ठा से पर्व को मनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि साफ सफाई और रंगाई-पुताईः बस्ती पारा की सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति ने अपने दुर्गा उत्सव भवन की सफाई और रंगाई-पुताई का काम शुरू कर दिया है, जिससे आगामी उत्सव के लिए एक पवित्र और स्वच्छ वातावरण तैयार किया जा रहे हैं। नवरात्र पर्व इस साल 22 सितंबर को शुरू होगा।

### सेवा केंद्र में आध्यात्मिक कार्यक्रम 15 नवंबर को

**महासमुंद।** शिक्षक दिवस पर तुमगांव रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन में 15 नवंबर को सन्ध्या 5 बजे (शिक्षक सम्मान समारोह एवं शिक्षा में नैतिक मूल्य और आध्यात्मिकता) एक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने नगर के स्कूल कॉलेज के शिक्षकों से कार्यक्रम में हिस्सा लेने की अपील की है।

### भाजपा अजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष का आगमन आज

**महासमुंद।** प्रथम जिला आगमन को लेकर स्वागत एवं संबोधन कार्यक्रम 14 सितंबर दोपहर 2 बजे को जिला भाजपा कार्यालय महासमुंद में होगा। प्रथम स्वागत भोरिंग चौक तुमगांव में किया जाएगा, दूसरा तुमगांव चौक महासमुंद एवं तीसरा बीजेपी कार्यालय महासमुंद में किया जाएगा। मुख्य वक्ता अतिथि भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश के अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े एवं वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, जिला पदाधिकारी, निगम मंडल के अध्यक्ष, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला पंचायत, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य मौजूद रहेंगे

# सेवा ही संगठन के संकल्प से होगा सेवा पखवाड़ा का आयोजन : येतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आगामी 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक भाजपा वृहद रूप से सेवा पखवाड़ा का आयोजन करने जा रही है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर भाजपा शहर मंडल महासमुंद की कार्यशाला भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, अभियान के मंडल प्रभारी हेमंत तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, मंडल महामंत्री द्वय मीना वर्मा, अग्रज शर्मा सहित प्रमुख भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुई।

सेवा पखवाड़ा अभियान की प्रस्तावना रखते हुए मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने कहा कि आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक भाजपा के सभी कार्यकर्ता समर्पण की भावना से सेवा, स्वच्छता और जनहित के कई कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है। भाजपा शहर मंडल सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम प्रभारी एमआर विश्वनाथन, सब प्रभारी सब प्रभारी पीयूष साहू, हिमांशु चंद्राकर नियुक्ति किए गए है। शहर मंडल में निवासरत भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा के सभी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एकजुटता से संकल्पित है। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से भाजपा के इस महाभियान में जुटने का आह्वान किया।



येतराम साहू ने 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर आयोजित स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम, स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन सहित अन्य कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा, सेवा के संकल्प के साथ इस अभियान को पूरा करने प्रतिबद्ध है। सेवा पखवाड़ा के मंडल प्रभारी हेमंत तिवारी ने भाजपा द्वारा आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के दौरान 15 दिनों तक चलाये जाने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन देते हुए कहा कि शसक्त, समृद्ध, शक्तिशाली भारत देश के निर्माण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक योगदान से हम सभी गौरवान्वित है। सम्पूर्ण विकसित भारत विजन प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है और हम सभी इस विजन के प्रणेता मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को, उनके सुखद और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। हेमंत तिवारी ने मोदी के नेतृत्व शैली, उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक वितरण, सांसद खेलकूद, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिवस 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर होने वाले स्वच्छता अभियान में सभी को सहभागी बनने की अपील करते हुए बताया कि पूरे देश, प्रदेश में सेवा पखवाड़ा के आयोजन के साथ बूथों, मंडलों और जिला स्तर पर भी भाजपा समर्पण के साथ सेवा कार्यो का वृहद आयोजन संपन्न करेगी। कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा और आभार महामंत्री मीना वर्मा ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन प्रकाश शर्मा, पार्षद कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी यादव, पंकज चंद्राकर, आनंद साहू, उत्तर प्रहरे, पप्पू ठाकुर, नईम खान, भगवती करकसे, मनीष बग्गा, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, रविंद्र जैन, सुनीता साहू, मैना कोसले, उषा पाल, हुसैन बानो, सुनेइ विश्वकर्मा सहित भाजपा और मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र और बूथ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुविधा : भंवरपुर में पानी टैंकर वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ

# जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना मेरी पहली प्राथमिकता:चातुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

जनता की बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करना मेरी पहली प्राथमिकता है। पानी, बिजली, सड़क और शिक्षा जैसी सुविधाएं हर गांव तक पहुंचाना मेरा कर्तव्य है। उपरोक्त बातें सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने ग्राम भंवरपुर में आयोजित पानी टैंकर वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद के मुख्य आतिथ्य में ग्राम भंवरपुर में पानी टैंकर वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कुल 7 ग्राम पंचायतों बनडबरी, भंवरपुर, ढालम, जमदरहा, हरदा, मोखापुटका एवं बरिहापाली को पानी टैंकर उपलब्ध कराए गए। विधायक चातुरी नंद ने सभी पंचायतों के सरपंचों के उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर पानी टैंकर को रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि मेरे क्षेत्र में पानी की समस्या बनी रहती है, गर्मी के दिनों में यह समस्या विकराल रूप ले लेती है। इसी समस्या को देखते हुए क्षेत्र में पानी टैंकर का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में भंवरपुर में पानी टैंकर का वितरण किया जा रहा है। पानी टैंकर वितरण कार्यक्रम के माध्यम से हम ग्रामीणों की वर्षों से चली आ



रही समस्या का समाधान कर रहे हैं। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि जब मुझे ग्रामीण अंचलों में पेयजल संकट की जानकारी मिली, तभी से मेरा संकल्प था कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा। बनडबरी, भंवरपुर, ढालम, जमदरहा, हरदा, मोखापुटका और बरिहापाली इन 7 ग्राम पंचायतों को पानी टैंकर सौंपते हुए मुझे संतोष है कि अब यहां की जनता को पीने के पानी की कमी से जूझना नहीं पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पानी जीवन का आधार है। यदि पानी की सुविधा समय पर मिलेगी तो स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास की अन्य योजनाएँ भी मजबूत होंगी। मेरी यही प्राथमिकता है कि गांव-गांव तक पानी, सड़क, बिजली और शिक्षा की सुविधाएँ पहुँचे।

विधायक नंद ने कहा कि मैं आप सभी से आग्रह करती हूं कि इन टैंकरों का जिम्मेदारी से उपयोग करें। यह केवल वाहन नहीं है, बल्कि यह आपके स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा साधन है। साथ ही हमें जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन पर भी ध्यान देना होगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम केवल टैंकर वितरण का नहीं, बल्कि आपके प्रति मेरे वादे और विश्वास को निभाने का प्रतीक है। विधायक चातुरी नंद ने उपस्थित सरपंचों एवं ग्रामीणजनों से अपील की कि वे इन टैंकरों का सही उपयोग एवं रखरखाव करें तथा जल संरक्षण का संकल्प लें। कार्यक्रम के अंत में विधायक चातुरी नंद ने सभी ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि विकास की रफ्तार निरंतर जारी रहेगी और आने वाले समय में अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए भी योजनाएं लागू की जाएंगी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भंवरपुर के सरपंच कृष्ण कुमार सिदार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्रवण पटेल, विधायक प्रतिनिधि घसिया सिदार, मेढ़ापाली सरपंच एड पुरुषोत्तम पटेल, लोकनाथ पटेल, सत्या भोई, लीलाकांत पटेल, संत कुमार पटेल, महेंद्र नायक, विक्की वैष्णव और पुरन पटेल मंचासीन रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बरिहापाली के सरपंच सावित्री चौधरी, ग्राम मोखापुटका के सरपंच, ग्राम बनडबरी, ढालम, जमदरहा एवं हरदा के सरपंच एवं उनके प्रतिनिधिगण, चंदू चौरसिया, मनोज पटेल, रूपेश वैष्णव, ठंडा राम पटेल, धागराम नायक, अमर प्रताप सिदार, बल्लू पटेल, आशुतोष वैष्णव, प्रकाश साहू, कृष्ण कुमार, डॉ राम प्रसाद नंदा, दिलीप यादव, फारम लाल पटेल, लव पटेल, विद्या सिदार, प्रेमलाल पटेल, पटेल पिंटू चौहान, उपेंद्र पटेल, रूपेश वैष्णव सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## चाहे जितनी भी उड़ान भर लो एक दिन जमीं में आना ही पड़ेगा : जगत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा के उपसंचालक प्रोफेसर दयाशंकर जगत अपने जन्म स्थान नर्रा के कुलदीप निगम हायर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए युवा शक्ति को आह्वान करते हुए कहा कि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती, आसमा तुम्हारा हैं, पर याद रखो चाहे जितनी भी उड़ान भर लो, एक दिन जमीं में आना ही पड़ेगा। अपने माता-पिता और गुरु का सम्मान करते हुए खूब उन्नति करें। उच्च शिक्षा के लिए ये मत समझो कि पैसा कहां से आएगा, अपने लक्ष्य पर ध्यान रखो। उक्त बातें अपने गृहग्राम के युवा छात्रों को संबोधित करते हुए बीते दिनों को याद किया। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए हरसंभव मदद करने का वादा किया। इस अवसर पर प्रोजगत ने छात्रों को एक्टिविटी आधारित अध्ययन करने और वर्तमान कक्षा के पाठ्यक्रम को पूरे मन से पढ़ने की सलाह दिया। इस अवसर पर कोमाखान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डा पुरुषोत्तम झा ने बच्चों से उच्च शिक्षा के उद्देश्य एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपने अंतर्मन में ऊर्जा का संचार कर उपभोग करें। देश का भविष्य गांव में तरासी जा रही हैं। उन्होंने कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के छात्रों को अधिकाधिक संख्या में समीपस्थ कोमाखान महाविद्यालय में उच्च अध्ययन के लिए प्रवेश लेने का आह्वान किया। डा विजय शर्मा ने आभार प्रदर्शन करते हुए नर्रा के उर्वरा भूमि पर प्रकाश डाला। जिले के नवाचारी व्याख्याता सुबोध तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि कभी उच्च शिक्षा से जुड़े वैज्ञानिक, प्रोफेसरों का दर्शन दुर्लभ रहा। आज गांव में ज्ञान की गंगा बहने लगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य भूपेंद्र पड़ियार, व्याख्याता पन्नालाल साहू, योगेश साहू सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्हें प्रो जगत ने कापी-पेन स्नेह रूप में भेंट किया।

## भाजपा का सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम, तैयारी के लिए बागबाहरा शहर मंडल की हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में आयोजित किए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बागबाहरा शहर मंडल अध्यक्ष डिंपल ध्रुव की अगुवाई में कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला पीडब्ल्यूडी के विश्राम गृह बागबाहरा में हुई। भाजपा, जिसे 'सेवा और सुशासन' के लिए जाना जाता है, इस 'सेवा पखवाड़ा' के माध्यम से जनता तक पहुंचने और विभिन्न सेवा कार्यों को करने की योजना बना रही है। इस कार्यक्रम के तहत किए जाने वाले विभिन्न सेवा कार्यों की रूपरेखा तय करने और कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश देने के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई थी। जिसमें मंडल प्रभारी संदीप दीवान



एवं भाजपा नेता भाजपा नेता प्रदीप चंद्राकर एवं अन्य वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन मिला।

कार्यशाला में मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षगण और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और इस राष्ट्रव्यापी अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। भाजपा का यह कार्यक्रम 17 सितम्बर प्रधानमंत्री के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें विभिन्न सेवा कार्य रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, विकसित भारत, सांसद खेलकूद, प्रबुद्ध संवाद, वृक्षारोपण एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा । सेवा पखवाड़ा के लिए जसराज बाला चंद्राकर को संयोजक एवं महेंद्र गुप्ता एवं गजेंद्र साहू को सहसंयोजक बनाया गया है। कार्यशाला में पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, जिला प्रतिनिधि प्रेम साहू, जिला उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, नरेश चंद्राकर, दुबेलाल साहू, आबिद खान, संजय मालवे, महामंत्री अतुल अतुल गंडेचा, चंद्रशेखर ध्रुव, तुकाराम चंद्राकर, काजल साहू, नारायण तांडी, राहुल अग्रवाल, अशोक दीप, उदय चंदेल, सविता दीवान, अजीत तांडी, नरेंद्र बग्गा, रमन वर्मा, दिनेश चंद्राकर, नरेंद्र ठाकुर, राधे साहू, मदन देवांगन, राजेश बगानी, हरि चंद्राकर, भावेश पुरोहित, देव पटेल, जनक नायक, ओमप्रकाश साहू, भोजनाथ देवांगन, राजा देवांगन, मोहन दुबे, भावेश राठौर, ट्विंकल पटेल, लक्ष्मीकांत दत्ता और अन्य ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ ऊर्जावान भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला में मनाया गया हिंदी दिवस, बच्चों ने बनाए पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला में 13 सितंबर को हिंदी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था प्रमुख उर्मिला मरकाम ने की। उन्होंने बच्चों को बताया कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया था। उन्होंने हिंदी भाषा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को हिंदी के सम्मान और इसके संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लक्ष्मी मानिकपुरी ने बच्चों को हिंदी भाषा में लेखन एवं पठन में दक्षता लाने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं गीता गोस्वामी ने विद्यार्थियों को अपनी दैनिक जीवनचर्या में हिंदी भाषा का शुद्ध रूप से उपयोग करने की प्रेरणा दी।



शिक्षिका लीनू चंद्राकर ने बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए शाबाशी दी और कहा कि हमें हिंदी को सम्मान के साथ अपने जीवन की बोलचाल की भाषा बनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन किशोर देवांगन ने किया, जिन्होंने पूरे समय अपने प्रभावी संचालन से बच्चों को बांधे रखा। हिंदी दिवस पर बच्चों ने कविता वाचन, कविता लेखन, स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण, रंगोली प्रतियोगिता तथा समूह नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जिससे बच्चों में विभिन्न कौशल एवं सृजनात्मकता का विकास हुआ। विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, गर्व और सम्मान की भावना विकसित करना रहा।

# शिक्षक स्वाभिमान दिवस और हिंदी दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**बसना।** शिक्षक स्वाभिमान दिवस और राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर 14 सितंबर 2025 रविवार को दोपहर 12 बजे गोंडवाना भवन धमतरी में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन, काव्य गोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।

किसी धन पिशाच कार्पोरेट, जन विरोधी सरकारों और संदिग्ध स्त्रोतों वाले संस्थानों पर साधनों के लिए मोहताज हुए बिना समता साहित्य अकादमी छग राज्य इकाई का लगातार 40 वर्षों से बिना किसी अवरोध या विराम के वैचारिक पहल जारी रखने वाले समता साहित्य अकादमी के द्वारा शिक्षकों, कवि, लेखकों, साहित्यकारों, पत्रकारों, लोक कलाकारों व सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि प्रतिभाओं को दिए जा रहे सम्मान-अवार्ड ने सिर्फ गुणीजनों में ही नही, प्रबुद्ध दर्शकों और जागृत समाज में एक पहचान बना ली है। इस समारोह में बसना से दो एवं पिथौरा से एक शिक्षक सुशील प्रधान, अमित कुमार भोई एवं लक्ष्मीधर प्रधान सम्मानित होंगे। सम्मान श्रृंखला में प्रदेश के-शिक्षकों राधारमणी मानिकपुरी, सोनालिका माहतो, गोवर्धन लाल ठाकुर, किशोर कुमार मंडावी, संजीव मानिकपुरी, अभिषेक कुमार टंडन, विनीता साहू, प्रभा मरकाम, डा. राधेश्याम पटेल, लक्ष्मीधर प्रधान, निधि चोपकर, प्रभा साहू, सागर दास मानिकपुरी, मनीदास मानिकपुरी, चूरामन दास मानिकपुरी को डा. राधाकृष्णन शिक्षक स्वाभिमान अवार्ड, शिक्षिकाओं उमा जाटव, सृष्टि सरावगी, माधोराम कुंजाम, ममता वर्मा, वैशाली सोनी, लेखा हिरवानी को सावित्री बाई फुले शिक्षिका अवार्ड तथा सामाजिक कार्यकर्ता-सुंदर दास मानिकपुरी, घीना राम मेहरा, ललिता नेताम, रश्मि पटेल, गोकुल राम पटेल, सुशील प्रधान, डा.खुमान सिंह ठाकुर को महात्मा ज्योतिबा फुले ज्ञान रत्न अवार्ड प्रदान किया जाएगा। सद्गुरू कबीर कौमी एकता अवार्ड मेष कुमार हिरवानी, विलास दास मानिकपुरी, महंत वल्लभदास मानिकपुरी, किरण मानिकपुरी, विक्रम दास मानिकपुरी, रघुवीर साहू, दिलहरन दास मानिकपुरी, संत नारायणा गुरु ज्ञान अवार्ड महेश कुमार साहू, युवराज सेन, मुन्ना ठाकुर, रतनदीप सोनी, संत गाडगे लोक शिक्षक अवार्ड के लिए शरद चोपकर, बाबा साहब डा. अंबेडकर समता अवार्ड डा.अजय कुमार सरोज, अमित कुमार भोई, लाला जगदलपुरी साहित्य रत्न अवार्ड जोगाराम कश्यप, दाऊ मंदराजी लोक कला रत्न अवार्ड गुरुदास मानिकपुरी, टोमिन बाई निषाद, भगवती प्रसाद साहू, दिलीप कुमार टिकरिहा, ओम प्रकाश मानिकपुरी, हरीश साहू, सांस्कृतिक दूत अवार्ड-राजूलाल सोनवानी, शहीद शंकर गुहा नियोगी क्रांतिवीर अवार्ड-पारस दास मानिकपुरी को दिया जाएगा।



